an>

Title: Regarding construction of building for Kendriya Vidyalaya at Siwan, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : अध्यक्ष महोदया, हमारे निर्वाचन क्षेत्र सीवान, बिहार में दो केन्द्रीय विद्यालय स्थित हैं। 2004 में केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ हुआ। वह प्राइवेट कालेज दारोगा राय कालेज में चल रहा है। दूसरा, 2012 में जो केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिली, वह दरौंदा प्रखंड के ग्राम उजाय के प्राइवेट मकान में चल रहा है। बार-बार प्राचार्य के अनुरोध के बावजूद भी जिला प्रशासन और बिहार सरकार ज़मीन आबंटन नहीं कर रही है जिससे विद्यालय का अपना भवन बन सके। इससे बच्चों को काफी असुविधा हो रही है। न चारदीवारी है तथा दुर्घटना होने की भी संभावना है। हम आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनुरोध करना चाहेंगे कि वे पहल करें, बिहार सरकार से बात करें और दोनों विद्यालयों के लिए ज़मीन आबंटित कराने की कृपा करें।